Patrika

50,000 teachers to recruited soon in UP

लखनऊ। शिक्षक बनने की चाह रखने वाले अभ्यर्थियों का इंतज़ार अब जल्द ही खत्म होने वाला हैं। काफी लंबे अरसे के बाद सरकार ने यूपी में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में बंपर भर्ती होने जा रही है और इसके लिए तैयारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है।

तैयार होगी खली पदों की लिस्ट

प्रदेश सरकार ने शिक्षक भर्ती के लिए अधिकारियों को उर्दू शिक्षकों व बीपीएड शिक्षकों की भर्ती के लिए खाली पड़े पदों की लिस्ट जल्द से जल्द तैयार करने का आदेश दिया है। प्रदेश सरकार आगामी विधानसभा चुनाव से पहले इन शिक्षकों की भर्ती करने की योजना बना रही है। लिहाज 50 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरु की जाएगी। शासन ने तमाम अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

जारी रहेगी भर्ती प्रक्रिया

ऐसे में शासन के निर्देश के बाद माना जा रहा है कि तकरीबन 50 हजार शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी। आपको बता दें कि परिषदीय स्कूलों में 15 हजार शिक्षकों की भर्ती की पूरी करने के बाद सरकार ने 16448 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरु कर दी है।

हुई बैठक, लिया गया बड़ा फैसला

लखनऊ मे शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों की बैठक की गयी जिसमें इस बात का फैसला लिया गया कि सितंबर माह के अंत तक भर्ती की प्रक्रिया को शुरु कर दिया जाएगा। सूत्रों की मानें तो परिषदीय विद्यालयों में 50 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की जाएगी और यह सभी भर्तियां ऑनलाइन होंगी। प्रदेश सरकार के मुताबिक वह शिक्षकों की भर्ती की इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए नये शिक्षकों की भर्ती को जारी रखना चाहती है।